श्री ए. जी. वेस्ट खारकोंगर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

श्री ए. जी. वेस्ट खारकोंगर ने 29.08.2016 से नीपको का अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया। इससे पहले वे 19.08.2010 से नीपको के निदेशक (वित्त) के रूप में कार्यभार संभाल रहे थें। आप आईआईटी, मुम्बई और आईआईएम, कोलकाता के छात्र हैं। श्री खारकोंगर एक वित्त व्यावसायिक हैं। आपने निगम के वित्त लेखा विभाग के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य किया है जिनमें कोषागार, आंतिरक लेखा, बजट, कराधन, संग्रहण, वित्त जुटाना आदि शामिल हैं। आपने महाप्रबंधक (वित्त) के कार्यकाल के दौरान विभिन्न परियोजनाओं के लिए सफलतापूर्वक कोष का जुगाड़ किया है। इनमें 800 करोड़ रूपये का सावधिक ढांचागत ऋण भी शामिल है। वर्ष 1993 में निगम में शामिल होने से पूर्व आप भारत पेट्रोलियम निगम लि., में कार्य कर रहे थें। आप तेजपुर विश्वविद्यालय, असम की वित्त समिति के सदस्य भी हैं। आप दामोदर घाटी निगम में सदस्य (वित्त) भी थे। आप सामुदायिक एवं सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से जुड़े हैं।